**फा.सं.1-६/२०१९-बी.टी.आई**

**भारत सरकार**

**संस्कृति मंत्रालय**

**बीटीआई अनुभाग**

**कुलपति, केन्द्रीय बौद्ध अध्ययन संस्थान (सीआईबीएस) के पद हेतु विज्ञापन**

संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन स्वायत्त निकाय केन्द्रीय बौद्ध अध्ययन संस्थान (सीआईबीएस), लेह, लद्दाख में कुलपति के एक पद को भरने के लिए पात्र अभ्यर्थियों से दो प्रतियों में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। पात्रता मानदंड और अन्य विवरण नीचे दिए गए हैं। यह आवेदन पत्र संस्कृति मंत्रालय की वेबसाइट www.indiaculture.nic.in तथा संस्थान की वेबसाइट www.cibs.ac.in से डानउलोड भी किए जा सकते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | पद का नाम : | कुलपति |
| 2. | पद संख्या : | एक |
| 3. | भर्ती की पद्धति : | प्रतिनियुक्ति/अल्पकालिक संविदा |
| 4. | वेतनमान : | 5000/- रुपए के विशेष भत्ते सहित प्रति माह 2,10,000/- रुपए का निर्धारित वेतन |
| 5. | शैक्षिक तथा अन्य अर्हताएं : | प्रतिनियुक्ति<br>**अनिवार्य अर्हता :**<br>उच्चतम स्तर की कार्य क्षमता, ईमानदारी, नैतिकता और संस्थागत प्रतिबद्धता से युक्त व्यक्ति को कुलपति के पद पर नियुक्त किया जाएगा। कुलपति के पद पर नियुक्त किए जाने वाले व्यक्ति को विश्वविद्यालय तंत्र में कम से कम 10 वर्ष का अनुभव रखने वाले प्रोफसर या प्रतिष्ठित शोध और/या शैक्षणिक प्रशासनिक संगठन में समतुल्य पद पर 10 वर्ष का अनुभव होना चाहिए।<br>**वांछनीय अर्हता :**<br>i मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बौद्ध अध्ययन/बौद्ध दर्शनशास्त्र में डॉक्टरेट की डिग्री।<br>ii. अंग्रेजी और हिंदी भाषाओं में लिखने और बोलने का ज्ञान और धारा प्रवाह<br>ii. बौद्ध अध्ययन के क्षेत्र में उत्कृष्ट शोध और प्रतिष्ठित राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित कृतियां या मान्यता प्राप्त पुस्तकें होने का प्रमाण।<br>**आवेदन करने हेतु ऊपरी आयु-सीमा :**<br>आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को 55 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।<br><br>अल्पकालिक संविदा<br>**अर्हता :** प्रतिनियुक्ति के लिए यथा निर्धारित<br>**आवेदन करने हेतु ऊपरी आयु सीमा :**<br>आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को 65 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।<br>टिप्पणी :<br>कुलपति, मानित विश्वविद्यालय संस्थान के पूर्णकालिक वैतनिक अधिकारी होने चाहिए और खोज-सह-चयन समिति द्वारा सुझाये गये तीन नामों के पैनल से कुलाध्यक्ष/कुलाधिपति द्वारा नियुक्त होने चाहिए। |

| | | |
|---|---|---|
| | | i कुलपति का कार्यकाल 5 वर्ष का होगा।<br>ii. वह दूसरे कार्यकाल के लिए भी पात्र होंगे बशर्ते है कि किसी भी मामले में वे 70 वर्ष से अधिक आयु होने पर वे उस पद पर कार्यरत नहीं रहेंगे।<br>iii. 5 वर्ष की अवधि से समाप्त होने के बावजूद भी वह छः महीने से अनधिक समय तक या उनके उत्तराधिकारी की नियुक्ति और कार्यभार ग्रहण करने, जो भी पहले हो, तक पद पर कायम रह सकते हैं।<br>iv. कुलाधिपति खोज-सह-चयन समिति द्वारा सुझाए गए तीन नामों के पैनल में से कुलपति की नियुक्ति करेंगे। तत्पश्चात प्रस्ताव अनुमोदन हेतु एसीसी को भेजा जाएगा।<br>v. प्रतिनियुक्ति की अवधि, इसी या केन्द्र सरकार के अन्य संगठन/विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित सामान्यत: 5 वर्ष से अधिक नहीं होगी। |
| 6. | अंतिम तिथि : | विभागीय अभ्यर्थी के मामले में विधिवत भरे गए, सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन पत्र (दो प्रतियों में) संबंधित संगठन द्वारा समुचित माध्यम से श्री मनीष राजन, अवर सचिव, बीटीआई अनुभाग, कमरा नं. 212, द्वितीय तल, पुरातत्व भवन, जीपीओ कॉम्प्लेक्स, आईएनए, नई दिल्ली-110023 को 10 जनवरी, 2020, अपराह्न 5.30 बजे तक पहुंच जानी चाहिए। |

**कुलपति, केन्द्रीय बौद्ध अध्ययन संस्थान (सीआईबीएस), लेह, लद्दाख में कुलपति के पद हेतु आवेदन**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | स्पष्ट अक्षरों में नाम | | विधिवत सत्यापित नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ चिपकाएं |
| 2 | पता/दूरभाष सं./ई-मेल आईडी | | |
| 3 | जन्म तिथि (ईस्वी सन में) | | |
| 4 | आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि को आयु | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5 | शैक्षिक और अन्य अर्हताएं :- (यदि किसी अर्हता को नियमों में निर्धारित किसी अर्हता के समतुल्य माना गया है, तो तद्विषयक प्राधिकारी के नाम का उल्लेख करें और आवेदन पत्र के साथ प्रमाण पत्रों की सत्यापित फोटोप्रतियां संलग्न करें) | | |
| | | अपेक्षित अर्हताएं | धारित अर्हताएं/अनुभव (आवेदन पत्र के साथ प्रमाण पत्रों की सत्यापित फोटोप्रतियां संलग्न करें) |
| | अनिवार्य : (i) | | |
| | (ii) | | |
| | (iii) | | |
| | (iv) | | |
| | (v) | | |
| | वांछनीय : | | |
| 6. | कृपया स्पष्ट करें कि क्या आपके द्वारा की गई उपर्युक्त प्रविष्टियों के आलोक में आप इस पद से संबंधित अपेक्षाओं को पूरा करते हैं | | |
| 7. | कालक्रमानुसार, रोजगार के ब्यौरे : | | |

| संगठन का नाम | संगठन की स्थिति (केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/ स्वायत्त/ विश्वविद्यालय | धारित पद | रोजगार की प्रकृति अर्थात तदर्थ या अस्थायी या अर्द्ध-स्थायी या स्थायी या प्रतिनियुक्ति | से | तक | वेतनमान | किए जाने वाले कार्यों की प्रकृति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|

| | | |
|---|---|---|
| 8. | अतिरिक्त सूचना, यदि कोई हो, जिसका उल्लेख आवेदक अपनी पद संबंधी उपयुक्तता के समर्थन में करना चाहता है। | |
| 9 | क्या अनुसूचित जाति/जनजाति से संबंधित हैं | |
| 10. | संलग्न दस्तावेजों की सूची (सभी दस्तावेज सत्यापित होने चाहिए। आवेदन पत्र पर क्रमिक रूप से पृष्ठ संख्या डालें) | |
| | दस्तावेजों के नाम | पृष्ठ सं. |
| | | |

मैं एतदद्वारा घोषणा करता हूँ कि इस आवेदन पत्र में दिए गए सभी विवरण मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य, पूर्ण और सही हैं। मैं समझता हूं कि किसी भी सूचना के छिपाने/गलत अथवा असत्य पाए जाने पर चयन के पहले या बाद में अपात्रता का पता लगने की स्थिति में, मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति रद्द की जा सकती है।

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर-------------------

अभ्यर्थी का नाम : -------------------

स्थान : -------------------

दिनांक : -------------------

**विभागीय अभ्यर्थी के बारे में कार्यालय प्रमुख द्वारा दिया जाने वाला प्रमाणपत्र**

1. प्रमाणित किया जाता है कि कार्मिक द्वारा प्रस्तुत किए गए ब्यौरे सही हैं।
2. प्रमाणित किया जाता है कि आवेदक के विरुद्ध अनुशासनात्मक/सतर्कता संबंधी कोई भी मामला न तो लंबित है और न चलाए जाने का विचार है तथा वे सतर्कता की दृष्टि से मुक्त हैं।
3. प्रमाणित किया जाता है कि पिछले 10 वर्षों में आवेदक पर कोई भी मुख्य/लघु शास्ति न तो लगाई गई और न लगाने का विचार किया गया है।
4. कार्मिक के सेवा रिकॉर्ड की सावधानीपूर्वक जांच की गई है और यह प्रमाणित किया जाता है कि उनकी सत्यनिष्ठा संदेह से परे है।
5. इस कार्यालय को कोई आपत्ति नहीं है और कुलपति, सीआईबीएस के पद पर अभ्यर्थी का चयन हो जाने के पश्चात उसे तत्काल कार्यभार मुक्त कर दिया जाएगा।

दिनांक :

हस्ताक्षर :

नाम :

पदनाम :

सरकारी मुहर :